हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

Faculty of Information Technology & Computer Science

Turn Your Passion for Tech Into a High-Growth Career.

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Undergraduate
- BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Bachelor of Animation & VFX

Postgraduate
- MCA • M.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Master of Data Science • PGDCA
- Master of Animation & VFX

Diploma
- Diploma in Computer Applications (DCA)

New-Age Specialisations
- BCA in Game Development with AI in collaboration with Hi TECH ANIMATION

Powered by Industry Experts
- In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Industry-designed AI & ML curriculum
- Practical learning with advanced labs

7 Centres of Excellence (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation — for Industrial Internet of Things (IoT)
- Godawari -eblu — for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education — for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto — for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS — for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say I am SME of India — for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH — for Bridge Courses

Research & Advanced Infrastructure :
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

Startup Ecosystem :
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



Everything you need to build a successful tech career. All in one place.

Top Recruiters
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

+91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
KALSEE/KAL-MAT

खबर संक्षेप



### राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे नरेंद्र

**सरायपाली।** सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत जलगढ़ के ग्रामवासियों द्वारा राधा कृष्ण के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों के आमंत्रण पर नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, राजेंद्र कुमार यादव राजू, कोमल यादव, अमित सतपथी के साथ पहुंच कर राधा कृष्ण मंदिर में यादव समाज के इष्ट देव राधा कृष्ण की पूजा-अर्चना कर दर्शन किया एवं क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मोहनलाल भोई अध्यक्ष राधा कृष्ण मंदिर समिति जलगढ़, नित्यानंद बारिक, सुशांत बारिक अजित साहू, वीरेंद्र बारिक, राजू बारिक, प्रमोद प्रधान, जगबंधु यादव, लोकेश साहू, उसमेत बगर्ती, प्रफुल्ल बारिक आदि समिति के पदाधिकारी व सदस्य एवं भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव



**रायपुर।** श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रीराम जन्मोत्सव शुक्रवार दोपहर 12 बजे धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के महंत पं. राजेश शर्मा ने अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर पूर्णाहुति कर जोत विसर्जन किया। तत्पश्चात फलाहारी प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर प्रदेश की सुख-शांति की कामना संकटमोचन हनुमानजी से की। इस दौरान अनिल अग्रवाल, नारायण राव शिर्के, मंदिर के पुजारी, राजेश पांडे, प्रशांत पांडे, भारत पांडे, चंद्रप्रकाश वर्मा, कामेश तिवारी, कुलदीप शर्मा, नवरत्न माहेश्वरी, प्रेम माहेश्वरी आदि का सहयोग रहा।

### प्रयोगशाला सहायक के मॉडल आंसर जारी

रायपुर। व्यापम ने प्रयोगशाला सहायक के मॉडल आंसर जारी कर दिए हैं। पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा 22 मार्च को आयोजित की गई थी।एक अप्रैल तक निर्धारित शुल्क के साथ दावा आपत्ति पेश किए जा सकेंगे। विस्तृत अधिसूचना व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### हरे माधव सत्संग कल तैयारियों में जुटे श्रद्धालु आज भव्य शोभायात्रा

रायपुर। हरे माधव सत्संग के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी कटनी के प्रख्यात संत जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के सान्निध्य में 29 मार्च रविवार को आयोजित हरे माधव सत्संग के उपलक्ष्य में शुक्रवार 27 मार्च को हरे माधव प्रभात फेरी तेलीबांधा में निकाली गई, जो तेलीबांधा, मुथानगर, श्यामनगर में भ्रमण करते हुए गली नंबर 6 में समाप्त हुई। प्रभात फेरी में समिति अध्यक्ष प्रकाश जादवानी, सचिव तेजकुमार बजाज, उपाध्यक्ष मुरली मनोहर बुलचंदानी, सदस्य राजकुमार आहूजा, गोविंद माखीजानी, दीपक आडवानी, राकेश आडवानी, सुंदरदास नागदेव, राजेश मोहनानी, कन्हैया छाबड़ा एवं तेलीबांधा के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष प्रकाश जादवानी एवं सचिव तेजकुमार बजाज ने बताया कि 28 मार्च शनिवार को सतगुरुजी के आगमन पर संध्या 7.30 बजे भव्य शोभायात्रा महावीर नगर कुकरेजा फॉर्म हाऊस से हरे माधव दरबार साहिब तक निकाली जाएगी। शोभायात्रा में हरे माधव परिवार विभिन्न वेशभूषा में ढोल-नगाड़े के साथ शंखनाद करते हुए हरे माधव का उद्घोष करते हुए शामिल होंगे। साथ ही कई पंचायतों के मुखी एवं श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# 50 हजार के लेन-देन के विवाद पर ठेकेदार की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**मृतक के अंडर काम करने वाले मजदूर को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

टिकरापारा थाना क्षेत्र में 50 हजार रुपए के लेन-देन विवाद पर ठेकेदार के अंडर काम करने वाले युवक ने चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावतपुरा फेस-2 कालोनी की है।

घटना के दो घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है, मृतक तथा आरोपी के बीच लेन-देन के विवाद को लेकर पिछले छह महीने से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बीच युवक ने ठेकेदार पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। ठेकेदार की एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई।

अजय अग्रवाल (34) की हत्या के आरोप में पुलिस ने डोमेश्वर देवांगन को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक डोमेश्वर अपना पिछला बकाया 50 हजार रुपए लेने के लिए अजय के पास गया था। अजय ने डोमेश्वर को 10 हजार रुपए देने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान डोमेश्वर ने आवेश में आकर जेब से चाकू निकालकर अजय पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल अजय जमीन पर गिरकर बेदम हो गया। इसके बाद डोमेश्वर मौके से फरार हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने पतासाजी कर गिरफ्तार किया।





# खरोरा में अखंड रामायण सम्मेलन का हुआ शुभारंभ





**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 27 मार्च को हुआ। समापन 1 अप्रैल होगा। शुभारंभ पर महार्षि वाल्मिकी मानस मंडली तुरतुरिया एवं तुलसी के राम संदेश बागबाहरा, हरि कीर्तन मानस मंडली बोडरीदादर एवं सीता-राम परिवार महासमुंद एवं केंवट के राम मानस मंडली बासीन एवं जागृति मानस मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी। टीकाकारों ने बताया कि चैत्र नवरात्र नवमी के दिन ही भगवान राम का जन्म हुआ था। महाकवि तुलसीदास ने इसी दिन महाग्रंथ राम चरित मानस की रचना प्रारंभ की। रामनवमी के दिन को भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे भारत में बड़ी ही श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाते हैं। इस दिन लोगों ने घरों में प्रभु राम की व्रत रख पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से भगवान राम अपने भक्तों को अपनी कृपा से तार देते हैं। भगवान राम बेहद दयालु और विन्रम हैं। भगवान राम को मर्यादा पुरषोत्तम भी कहा जाता है। पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन में किशन, मुकेश, परमानंद, चमन दास, लता, संतोषी, कुमारी बाई, कलिंद्री, भूषण, चमन आदि सहयोग कर रहे हैं।

# रामनवमी पर चालीसा पाठ, गूंज उठा जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपिस..

## 13 साल से हो रहे इस आयोजन में उमड़ा महिलाओं बच्चों और आमजनों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





जिला मुख्यालय के कचहरी चौक स्थित सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में शुक्रवार शाम 7 से 8 बजे तक अखंड हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ। आयोजन के लिए मंदिर के सामने विशाल पंडाल लगाया गया। मंच पर रामदेव बाबा म्यूजिक ग्रुप की भजन मंडली के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे एक घंटे तक सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा हनुमान चालीसा पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं ने हनुमान चालीसा पाठ में अधिक रुचि दिखाई। पंडाल के सामने बैठकर श्रद्धालु सामूहिक रूप से पाठ करते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम पिछले 18 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। पूरे आयोजन के दौरान जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

### शहर के भीतरी मार्गों में डायवर्ट किया गया ट्रैफिक

हनुमान चालीसा पाठ के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने भारी वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं दिया गया। बागबाहरा-रायपुर मार्ग से आने-जाने वाले छोटे वाहनों के लिए तय किए गए वैकल्पिक मार्ग रायपुर की ओर से आने वाले वाहनों को विवेकानंद चौक से शास्त्री चौक होते हुए डायवर्ट किया गया। नेहरू चौक से अपना मार्केट मार्ग होते हुए छोटे वाहनों को बरोंडा चौक की ओर भेजा गया। रामनवमी के अवसर पर हर साल की तरह यह कार्यक्रम श्रध्दा, भक्ति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।



### 30 मार्च से भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान शुरू

**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आह्वान पर पूरे छत्तीसगढ़ में बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद जिले के सभी 20 मंडलों में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष येतराम साहू के मार्गदर्शन में पिथौरा मंडल में 30 एवं 31 मार्च को स्थानीय अग्रसेन भवन में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

बिजनेस साईट

## विधायक ने किया फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स प्रतिष्ठान का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

स्थानीय ग्राम नर्रा के मेन रोड स्थित सोनम फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स का शुभारंभ शुक्रवार रामनवमीं को क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र के जनता को सामान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस प्रतिष्ठान के संचालक उत्तमराणा ने बताया कि यहां एक ही छत के नीचे बेड, सोफा, अलमारी, फ्रीज, टीवी कुलर जैसे तमाम इलेक्ट्रानिक उत्पाद उचित दर पर मिल पाएंगे।

# बटकी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष और विधायक का बाजे-गाजे के साथ किया गया स्वागत

**सरायपाली।** ग्राम बटकी एवं चिवराकुटा में कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण को लेकर आयोजित पंचायत एवं बूथ कमेटी गठन कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव एवं विधायक चातुरी नंद मुख्य रूप से शामिल हुए।

इस दौरान बटकी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव एवं क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद का ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बाजे-गाजे और पारंपरिक उत्साह के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई कमेटियों का गठन किया गया। साथ ही नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं पंचायत तथा बूथ कमेटियों के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं।




कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए गांव-गांव जाकर कांग्रेस की रीति-नीति से लोगों को अवगत कराना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से बूथ स्तर को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही संगठन की असली ताकत है और इसी के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं एवं अधिकारों की लड़ाई प्रभावी ढंग से लड़ी जा सकती है।

विधायक चातुरी नंद ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष परमानंद नायक, जिला उपाध्यक्ष भरत मेश्राम, जिला महामंत्री डॉ. बिरंची बेताल, जिला महामंत्री रूपानंद पटेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईपाली के अध्यक्ष तन्मय पंडा, सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष तेजराम पटेल, भंवरपुर अध्यक्ष घसिया सिदार एवं विधायक प्रतिनिधि दीपक साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिहारी लाल पटेल, दौलतराम पटेल, बटकी सरपंच सुनीता बिहारी नायक, चिवराकुटा सरपंच मेघा आकाश गुप्ता, कृष्णा पटेल, सिंधु विशाल, अविनाश बाघ, प्रभात पटेल, रघु बाघ, भगत राम पटेल, उत्तम दीप, भीष्म पटेल, चंद्रभानु बारीक, मनोरंजन भोई, विनय पटेल, हिरेन पटेल, गणेश साहू, मंटू बारीक, कैलाश विशाल, संपत पटेल, मोती राम पटेल, चिवराकुटा पंचायत अध्यक्ष बुद्धदेव पंडा, बूथ अध्यक्ष लिंगराज बारीक आदि मौजूद रहे।

### मंडलों के बाद जिलों में चलेगा भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग, बड़े नेता भी जाएंगे

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा संगठन के 28 नेता मुंबई से प्रशिक्षण लेकर वापस आ गए हैं। इसके बाद पहले चरण में प्रदेश के पांचों संभाग में भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला की गई। संभागों के बाद अब भाजपा के 479 मंडलों में कार्यशाला की जा रही है। जहां इन कार्यशालाओं में जिलों के ट्रेनर जा रहे हैं, वहीं प्रदेश के बड़े मास्टर ट्रेनर भी जाएंगे। मंडलों की कार्यशाला के बाद जिलों की कार्यशाला होगी। तीन सौ से ज्यादा मंडलों में कार्यशाला हो गई है। भाजपा की रीति-नीति से लेकर कार्य पद्धति सहित अलग-अलग 14 विषयों के लिए हर राज्य में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के 28 मास्टर ट्रेनरों को मुंबई की कार्यशाला में तैयार किया गया हैं। इन ट्रेनरों में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी के साथ प्रदेश के सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता शामिल हैं।



### सिवनी में हुआ कार्यक्रम

**महासमुंद।** 27 मार्च को ग्राम सिवनी मुड़ा ईटार जिला खैरागढ़ केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ में गुरुदेव इरपाची का कार्यक्रम हुआ। जहां बतौर अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष कमलेश ध्रुव, सुशीला ध्रुव केंद्रीय संरक्षक धमधागढ़ महिला प्रभाग, चंद्रप्रभा ध्रुव तहसील अध्यक्ष खैरागढ़, जयपाल सोरी एडवोकेट, संतोष मांडवी जिलाध्यक्ष, संतराम छेदैहा शरीक हुए। कार्यक्रम में इतारमुड़ा खैरागढ़ के सभी पितृ एवं मातृ शक्तियों का सराहनीय योगदान रहा।

# रायपुर में दोपहिया चोरी कर ओडिशा में खपाने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने रायपुर से दोपहिया चोरी कर ओडिशा में खपाने के आरोप में दो शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की आधा दर्जन बाइक जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी में एक पूर्व में भी दोपहिया चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। शातिरों ने टिकरापारा, गोलबाजार, मौदहापारा, पुरानी बस्ती एवं आजाद चौक थाना क्षेत्र में बाइक चोरी कर ओडिशा में खपाया था। डीसीपी क्राइम एंड साइबर स्मृतिक राजनाला की मॉनिटरिंग में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी करने के आरोप में खमतराई निवासी कमलेश साहू तथा ओडिशा, टिटलागढ़ निवासी संतोष राजपूत उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। कमलेश पूर्व में बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। बाइक चोरी की पड़ताल करने पुलिस घटना स्थल एवं उनके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही थी।

इसके साथ ही मुखबिर तंत्र को अलर्ट किया गया। इसी दौरान पुलिस को सेजबहार मार्ग पर एक होटल के पास दो संदिग्धों द्वारा चोरी की बाइक खपाने ग्राहक तलाशे जाने की जानकारी मिली। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा चोरी की बाइक ओडिशा में बेची जाती रही है। यह पहली बार है, रायपुर में वे बाइक बेचने ग्राहक तलाशते पकड़े गए।

# गैस सिलेंडर वितरण में शहरी और ग्रामीण में भेदभाव, धनेंद्र ने कड़ा विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने गैस सिलेंडर वितरण मामले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में भेदभाव का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के विरुद्ध कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गैस सिलेंडर रीफिलिंग की समय सीमा को लेकर हाल ही में लिया गया निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण है। सरकार ने एक ही प्रदेश की जनता के बीच 'शहरी' और 'ग्रामीण' का भेद कर जो निर्णय लिया है, वह न केवल तर्कहीन है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गृहणियों की सुविधा पर सीधा प्रहार है।

एक बयान में उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन ने कहा है कि सरकार के निर्देशों के अनुसार जहां शहरी उपभोक्ताओं को हर 25 दिनों में एक गैस सिलेंडर देने का प्रावधान किया गया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के लिए यह समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। यह स्पष्ट रूप से ग्रामीण जनता के साथ अन्याय है। क्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की आवश्यकताएं कम हैं या उनके परिवार छोटे हैं? एक ओर सरकार उज्ज्वला योजना और धुआं-मुक्त रसोई के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण जनता को 45 दिनों तक सिलेंडर के लिए इंतजार करने को मजबूर किया जा रहा है। यह निर्णय ग्रामीण आबादी को पुनः लकड़ी और कोयले के चूल्हे की ओर धकेलने जैसा है। श्री साहू ने मांग की है कि सरकार इस भेदभावपूर्ण आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस ले। पूरे प्रदेश में 'एक राज्य, एक नियम' के तहत गैस सिलेंडर वितरण की समान समय सीमा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि यदि सरकार इस जनविरोधी फैसले को वापस नहीं लेती है, तो सड़क से लेकर सदन तक ग्रामीण जनता के हक की लड़ाई लड़ी जाएगी और उग्र आंदोलन किया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026




मांदर की थाप और जस गीतों के साथ ज्योत-जवांरा... 12



रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में शामिल... 12



## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** बाइक से ग्राम बेलटुकरी जा रहे एक युवक को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। घटना में युवक चोटें आई। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को निहाल चंद्राकर पिता संतोष चंद्राकर (21 वर्ष) ग्राम खोपली ने बताया कि, वह 21 मार्च को लगभग सुबह 9 से 10 बजे के बीच अपने आवश्यक कार्य से अपनी बाइक से बेलटुकरी जा रहा था, तभी नरतोरी मोड़ के पास सामने से आ रहे एक मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीएन 6805, जिसमें तामेश चक्रधारी व बंशीलाल चौहान बैठे थे ने जो लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाकर उसकी बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे उसे चोटें आई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 में ढाबा के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रिपोर्ट दर्ज कर बसना पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।
पुलिस ने बताया कि मृतक मुकेश जुवेल अपने साथी राजू उर्फ फिरोज खान के साथ अपनी मोटर सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 04 डीजेड 5851 से बकरा लेने के लिए देहात की ओर जा रहे थे। मोटर सायकल को मुकेश जुवेल चला रहा था, तभी एनएच 53 रोड सत्कार ढाबा के पहले गति संकेत के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मोटर सायकल सवार मुकेश जुवेल के सिर, दोनों हाथ, दोनों पैर एवं कमर के नीचे पूरी तरह से कुचल गया एवं पीछे बैठे राजू उर्फ फिरोज खान के बाएं पैर दोनों हाथ एवं सिर में चोट लगी। दोनों को इलाज हेतु सरकारी अस्पताल बसना ले जाया गया। जहां डॉक्टर साहब ने चेक करने के बाद मुकेश जुवेल की मौत हो जाना बताया। वहीं घायल राजू उर्फ फिरोज खान को रेफर कर दिया गया है।



# एंबुलेंस में कर रहे थे गांजा की तस्करी दो आरोपियों से मिला 20 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एंबुलेंस में गांजा की तस्करी कर रहे 2

- एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं खल्लारी पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं थाना खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बोलेरो एम्बुलेंस से अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रुपए कीमत का 20 किलो गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद कलर के बोलेरो एंबुलेंस क्रमांक एमएच 49 सी 0133 में मादक पदार्थ गांजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद चरौदा मोड़ ग्राम खल्लारी के पास नाकाबंदी की गई। जब उक्त वाहन वहां पहुंची तब उसे रोककर तलाशी ली गई। पुलिस ने वाहन के पीछे रखे दो बोरियों से करीब 20 किग्रा मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। वाहन चालक व सवार के उक्त संबंध में पूछताछ करने पर गांजा को ओडिशा से बिक्री करने महाराष्ट्र लेकर जाना बताया गया।

मामले में गिरफ्तार किए गए सलमान खान पिता जलील खान (26 साल) मोमिनपुरा गरीब नवाब मस्जिद के पास/इंद्रा गांधी हॉस्पिटल के पास खान बिल्डिंग के सामने थाना गांधीबाघ जिला नागपुर महाराष्ट्र तथाशिराज पठान पिता मो. नशीर (39 साल) कब्रिस्तान के पास/याक़ूब बाबा के कोठा के पास, अंसार नगर थाना गांधीबाग जिला नागपुर महाराष्ट्र के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**दबंगई:** ग्रामीणों ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का लगाया आरोप

# मजदूरी करने गए ग्रामीण के ताला लगे मकान को उनकी गैरमौजूदगी में ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/बसना

- मनमाने तरीके से हुई प्रशासनिक कार्रवाई की हो रही सर्वत्र निंदा, मौजूद अफसरों की भूमिका संदिग्ध

रोजी-रोटी के लिए कमाने खाने और मजदूरी में गए गरीब परिवार को चंद घंटों की मोहलत दी गई और उसके बाद यह मकान ढहा दिया गया। मजदूरों को जब जानकारी मिली तो वे रोते बिलखते अपने मकान के मलबे के पास पहुंचे। मामला है जिले के ग्राम बसना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरचुंदी के आश्रित ग्राम कपासखूंटा का। जहां ताला लगे हुए मकान को ढहाए जाने की उक्त प्रशासनिक कार्रवाई की सर्वत्र निंदा हो रही है। नायब तहसीलदार प्रकृति सिंह पर ग्रामीणों ने दबंगई और एकतरफा कार्रवाई के गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंती सेठ पति लक्ष्मीचरण सेठ का मकान प्रशासनिक अमले द्वारा 24 मार्च को को ढहा दिया गया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें दोपहर 3 बजे नोटिस दिया गया। जबकि मकान मालिक उस समय रोजी-रोटी के लिए बाहर गए हुए थे और उन्हें इसकी जानकारी तक नहीं मिल सकी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक अमला जेसीबी और बुलडोजर लेकर पहुंचा और ताला लगे मकान को बिना पर्याप्त समय दिए ध्वस्त कर दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार द्वारा मौके पर मौजूद ग्रामीणों, सरपंच और यहां तक कि शिक्षकों पर भी दबाव पूर्वक व्यवहार का आरोप लगाया गया है।





### लगातार मिल रही शिकायतें

सूत्रों के अनुसार उक्त प्रशासनिक अफसर के खिलाफ लगातार शिकायतें प्रशासन के आलाधिकारियों तक पहुंच रही हैं। इस मामले में भी सीमांकन के लिए आवेदन देने वाले गांव के ही एक अन्य ग्रामीण से भारी भरकम लेनदेन की शिकायत सामने आई है वहीं, यह भी चर्चा है कि मामले में राजस्व अफसरों को भी हिस्सेदारी दी गई है।

### ग्रामीण आक्रोशित मांग रहे न्याय

इस संबंध में नायब तहसीलदार प्रकृति सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया, जिससे उनका पक्ष सामने नहीं आ सका। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और वे न्याय की मांग कर रहे हैं।

### पंचायत ने दी थी उक्त परिवार को जमीन

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के तहत सर्वसम्मति से उक्त परिवार को रहने के लिए जमीन दी गई थी। ग्रामीणों के अनुसार यह परिवार पिछले कई वर्षों से वहीं निवास कर रहा था और उनके पिता भी वर्ष 1985 से उक्त भूमि पर काबिज रहे हैं।

### ग्रामीण बोले- पूरे गांव में हो समान रुप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

ग्रामीणों ने प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि गरीब परिवारों पर सख्ती दिखाई जा रही है, जबकि सड़क किनारे अन्य अतिक्रमणों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि यदि एक पक्ष पर कार्रवाई की गई है तो पूरे गांव में समान रूप से अतिक्रमण हटाया जाए।

## जब्त किए गए अवैध मादक पदार्थों को किया गया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विभिन्न थानों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, हेरोइन, सिरप, टैबलेट, कैप्सूल, एंपुल को शासन की गाइड लाइन के अनुरूप जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी द्वारा नष्ट किया गया। इस दौरान कुल एक करोड़ 59 लाख 84 हजार 520 रुपए कीमत के अवैध मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार महासमुंद जिले के विभिन्न थाना, चौकी में दर्ज 35 प्रकरणों में जब्त अवैध मादक पदार्थ 720 ग्राम ब्राउन शुगर, 7 ग्राम हेरोइन, 2576 नग सिरप, 11367 नग कैप्सूल , 62449 नग टैबलेट, 4123 नग इंजेक्शन (एंपुल)के नष्टीकरण की कार्रवाई 28 मार्च को सिलतरा स्थित बायो मेडिकल वेस्ट प्लांट, एसएमएस रायपुर में, जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक महासमुंद, सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सदस्य जिला आबकारी अधिकारी के समक्ष भौतिक सत्यापन के बाद किया गया। महासमुंद जिले के विभिन्न थाना, चौकी में दर्ज 35 प्रकरणों में थाना सिंघोड़ा के 01 प्रकरण, सरायपाली के 04 प्रकरण, बलौदा के 02 प्रकरण, पटेवा के 01 प्रकरण, तुमगांव के 01 प्रकरण, महासमुंद के 13 प्रकरण, बागबाहरा के 01 प्रकरण, कोमाखान के 02 प्रकरण एवं बसना के 10 प्रकरण अवैध मादक पदार्थ के शामिल है । उक्त प्रकरणों में वर्ष 2017 के 01, वर्ष 2020 के 02, वर्ष 2021 के 03, वर्ष 2022 के 07, वर्ष 2023 के 08, वर्ष 2024 के 03 एवं वर्ष 2025 के 11 प्रकरण शामिल हैं।

### महिला से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** महिला को जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज करने वाली तीन महिलाओं के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रियंका साहू पति प्रदीप साहू (34 साल) बैगनडीह थाना बसना ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली अरूनधती, सुजाता और रीता के द्वारा 20 मार्च को उसके एवं उसके पति प्रदीप साहू के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।



### धूमधाम से हुआ ज्योति जंवारा का विसर्जन

महासमुंद। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर जिला मुख्यालय सहित जिले भर के माता देवालयों में प्रज्ज्वलित ज्योत-जवारा एवं ज्योति कलश का विसर्जन भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से हुआ। इस दौरान जस गीत सेवा मंडली द्वारा भक्ति गीतों का गायन-वादन किया गया, जिससे पूरा माहौल श्रद्धा और आस्था से सराबोर रहा। महामाया देवी मंदिर में अष्टमी हवन पश्चात जंवारा विसर्जित किए गए। बाजे-गाजे, जयकारों और जस गीतों के साथ हुए विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में 12 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव द्वारा भेजी गई प्रस्तावित जिला कार्यकारिणी का अनुमोदन किया है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू का पत्र मिला जिसके अनुसार भेजी गई सूची में जिला कांग्रेस कमेटी में 1 कोषाध्यक्ष, 12 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 20 सचिव एवं 10 कार्यकारिणी सदस्यों को स्थान मिला है। पत्र में कहा गया है कि अनुमोदित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को सूचित कर, संगठन के कार्यक्रमों को गति प्रदान करें।

इन कार्यकर्ताओं को मिला जिला कार्यकारिणी में स्थान

वरिष्ठ कांग्रेसी सेवन लाल चंद्राकर जिला कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष होंगे। वहीं उपाध्यक्ष के लिए तक किए गए 12 नामों में भूपेंद्र सिंह ठाकुर, विजय साव, अतुल बग्गा, फिरोज मेमन, राजेंद्र चंद्राकर, फूलसिंह ध्रुव, परमानंद नायक, हेमसागर पटेल, संजय शर्मा, मंजित सिंह सलूजा, तौकिर दानी, भारत मेश्राम शामिल हैं। इसी प्रकार 18 महामंत्रियों में सतनाम सिंह चावला, समीम खान, गणेश शर्मा, हरिशंकर यादव, सोमेश दवे, हीरा बंजारे, विजय बंजारे, ढेलू निषाद, गिरीश पटेल, रामलाल सिंहा, हरदेव ढिल्लों, मनोहर ठाकुर, भरत सिंह ठाकुर, संतोष पटेल, बसंता ठाकुर, डॉ. बिरंची बेताल, रूपचंद पटेल, लक्ष्मण पटेल सचिव पद पर भोलेनाथ गंधर्व, ताराचंद सोनवानी, किशन कोसरिया, महेंद्र कोसरिया, सोहन लाल यादव, अनीश दानी, श्रवण पटेल, केजु चक्रधारी, उमेश जैन, राजेश सोनी, लीलाधर चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर, हार्दिक सोना, गोपीनाथ पाटकर, विकास शर्मा, किशोर सोनवानी, हेमंत कौशिक, रवि कश्यप, सुरेश भाई, विजय यादव तथा कार्यकारिणी सदस्य कुमुदनी भोई, दीपांजली चौहान, अनिता बंछोर, मधु साहू, प्रदीप चंद्राकर, गिरिराज ध्रुव, हराधन प्रधान, कांशी यादव, देवराज ठाकुर, रामदास शामिल हैं।

**रामत्व को जीवन में उतारने का दिया संदेश, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति दी गई**

# रामनवमी पर गुरुकुल कोसरंगी में हुआ भव्य यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





आर्ष वैदिक गुरुकुल कोसरंगी में रामनवमी के पावन अवसर पर विशेष वैदिक यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस दिव्य अनुष्ठान में वेदपाठी ब्रह्मचारियों ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ आहूति प्रदान की, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा से ओतप्रोत हो उठा। यज्ञ का संचालन आचार्य ओमकार आर्य द्वारा विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी आचार्यों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान राम के आदर्शों को स्मरण करते हुए धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि "जीवन में रामत्व उतारना ही सच्चा धर्म है।" उन्होंने भगवान राम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि राम ने केवल यज्ञ की ही नहीं, बल्कि धर्म, सत्य और मर्यादा की रक्षा की। उन्होंने पिता के वचनों की रक्षा की, आदर्श पुत्र बने, आदर्श भाई बने, आदर्श पति बने और एक आदर्श राजा के रूप में सम्पूर्ण समाज को दिशा दी। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, "नैतिकता के इस संघर्षपूर्ण युग में स्वयं को कमजोर मत समझो। नैतिकता के बोझ तले मत दबना, बल्कि उसे अपने व्यक्तित्व की शक्ति बनाओ। जहाँ अधर्म खड़ा हो, वहां दृढ़ता से उसका सामना करना ही धर्म है।" उन्होंने प्रेरणादायक पंक्तियों के माध्यम से जनमानस में जोश भरते हुए कहा, "जीवन में रामत्व उतारो, यही धर्म है। अन्याय और अधर्म का प्रतिकार करो, यही कर्म है। जब-जब संस्कृति पर संकट आए, तब-तब तुम जागो, राष्ट्र, धर्म और परंपरा की रक्षा में स्वयं को आगे लाओ।"

गुरुकुल के आचार्य मुकेश शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामनवमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है।

यदि हम अपने जीवन में राम के एक भी गुण को उतार लें, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित है। आचार्य सुरेश ने कहा कि आज का समय सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का है। राम के आदर्श हमें सिखाते हैं कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी आचार्यों ने एक स्वर में कहा कि रामनवमी हमें हमारी जड़ों से जोड़ने का पर्व है। यह संस्थान न केवल वेद ज्ञान के संरक्षण का कार्य कर रहा है, बल्कि एक सशक्त, संस्कारित और जागरूक राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



## रामनवमीं पर ठाकुरदियाखुर्द में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** रामनवमी के अवसर पर प्रभु श्रीरामचंद्र सनातन चेतना संस्थान ठाकुरदिया खुर्द के तत्वावधान में प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रीधाम अयोध्या से अभिमंत्रित शिला भी शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां, रामभक्तों का उत्साह और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष पूरे क्षेत्र में गूंजते रहे। यह शोभायात्रा प्रातः 10 बजे श्रीराम मंदिर निर्माण स्थल से प्रारंभ होकर ग्राम खपराखोल, ठाकुरदिया खुर्द सहित दीपापारा, श्यामनगर, केकराखोल, बांधियाडीपा एवं टाडापारा जैसे विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण करती हुई धार्मिक एवं सांस्कृतिक उल्लास का संदेश देती रही। जगह-जगह ग्रामीणों ने अपने घरों के द्वार पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता के साथ अभिमंत्रित शिला का दीप प्रज्ज्वलित कर आरती-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, त्याग और मर्यादा के प्रति लोगों की गहरी आस्था और श्रद्धा को प्रदर्शित किया। इस आयोजन का समापन रात्रि 9 बजे रामकुटी में हुआ, जहां संस्थान की ओर से महाभंडारा एवं प्रसादी वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप



### तुमगांव में हुआ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**महासमुंद।** गायत्री प्रज्ञा पीठ तुमगांव में गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं युग संगीत के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। उन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से यज्ञ में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पंचराम निषाद द्वारा किया गया। आयोजन में प्रज्ञा पीठ तुमगांव के सभी परिजनों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। यह जानकारी पंथराम साहू ने दी है।

### विश्वनाथन को भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ में बड़ी जिम्मेदारी



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने जिले के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता एमआर विश्वनाथन को शिक्षा प्रकोष्ठ का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। साथ ही उन्हें शिक्षा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के दुर्ग संभाग का सह-प्रभारी भी नियुक्त करते हुए दोहरी जिम्मेदारी दी गई है। क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले विश्वनाथन लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे हैं। उनकी कार्यशैली और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी गहरी समझ को देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रदेश स्तर पर मीडिया की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं दुर्ग संभाग के सह-प्रभारी के रूप में वे दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्रों में पार्टी के सांगठनिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगे।

### अछरीडीह में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा कल से

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन बाजार चौक में किया गया है। कथावाचक पंडित लोकेश महाराज बारूला फिंगेश्वर वाले व परायणकर्ता पंडित भीष्मक पांडेय होंगे। 30 को जल यात्रा, गौकर्ण पूजा, भागवत स्थापना एवम वेदी पूजा के साथ कथा प्रारम्भ, 31 को राजा प्ररिक्षित जन्म, वराह अवतार, 1 को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, भरत अवतार, 2 को अजामिल चरित्र, भक्त प्रह्लाद, नरसिंग अवतार, 3 को समुद्र मंथन, कृष्ण जन्म उत्सव, दही लूट, 4 को कृष्णबाल लीला, छप्पन भोग, रूखमणी मंगल विवाह, 5 को सोलह हजार 108 रानियों की कथा, कृष्ण सुदामा चरित्र, 6 को कृष्ण परम धर्म, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 7 को भागवत गीता प्रवचन, यज्ञ का पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण होगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 से सांध्य 6 बजे तक होगा। आयोजक चोवाराम पटेल, भुनेश्वर पटेल कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## मांदर की थाप और जस गीतों के साथ ज्योत-जवांरा का विसर्जन





**नर्रा।** नौ दिनों तक शक्ति की उपासना के पर्व चैत्र नवरात्रि पर क्षेत्र के शीतला देवी मंदिरों व घरों में ज्योत-ज्वांरा की स्थापना की गई। चैत्र नवरात्रि पर्व के समापन के पश्चात हवन कन्या भोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ग्राम नर्रा में ज्योत - ज्वांरा का विसर्जन पूरे विधि विधान से महिलाएं व युवतियों ने सफेद वस्त्र धारण कर अपने सिर पर ज्वांरा कलश व टोकरी लिए कतार बद्ध होकर विसर्जन यात्रा के लिए निकली। जहां श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। जसगीत सेवा मंडली व मांदर झांझ-मंजीरा के थाप पर जस गीतों की प्रस्तुति कर माता की महिमा की बखान कर थिरकते झूमते गाते हुए शीतला मंदिर तालाब घाट पंहुचे। जहां श्रद्धातुओं ने माता की अंतिम आरती उतारी और सुख-समृद्धि की कामना के साथ ज्वांरा का विसर्जन किया।



## बेलसोंडा में श्रद्धालुओं को शरबत वितरण

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में चैत्र नवरात्रि पर्व का समापन उत्साह और अटूट श्रद्धा के साथ हुआ। जहां माता के ज्वांरा विसर्जन के लिए उमड़े जनसैलाब के बीच भक्ति और सेवा का एक विहंगम दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर महासमुंद जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के लिए शीतल शरबत वितरण किया। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि भक्ति के मार्ग पर भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना ही सबसे बड़ा पुण्य है, माता के आशीर्वाद से हमारे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि सदैव बनी रहे, यही मेरी मंगलकामना है। आयोजन के दौरान विसर्जन मार्ग भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम में वार्ड पंच शंकर चंद्राकर, मोहन साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर तेजन चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, ज्वाला चंद्राकर, नितिन चंद्राकर, हितेश चंद्राकर, ओम ढीमर, मनोज साहू, जयदेव सिंग, आदित्य चंद्राकर, विनय यादव, अंकू चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, लोकेश्वरी चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# वन विकास निगम में मनमानी, जांच के बाद कार्रवाई की सिफारिश की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अरंड (पिथौरा)





छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम परियोजना मंडल के अंतर्गत कोडार काष्ठागार में कार्यरत रिकॉर्डर/ग्रेडर जनक लाल साहू के खिलाफ बारनवापारा परियोजना मंडल के कुछ अधिकारी, कर्मचारी, डिपो सुरक्षा श्रमिक एवं श्रमिकों द्वारा शिकायत दर्ज कराया था। जिसके आधार पर मंडल प्रबंधक बारनवापारा परियोजना मंडल द्वारा जांच समिति गठित कर उक्त शिकायत का जांच कराया गया था। शिकायत पर जांचकर्ता अधिकारी ने प्रतिवेदन मंडल प्रबंधक बार नवापारा परियोजना मंडल को सौंपा। जिसके आधार पर मंडल प्रबंधक ने आदेश जारी किया है। जिसमें लेख है कि ग्रेडर द्वारा परियोजना मंडल के कुछ अधिकारी, कर्मचारी, डिपो सुरक्षा श्रमिक एवं श्रमिकों (हमाल) द्वारा प्राप्त शिकायत प्रतिवेदन के निवारण के लिए जांच समिति बनाई।

जांच समिति के निष्कर्ष को पढ़ने के उपरांत यह ज्ञात होता है कि डिपो में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों से उनका व्यवहार अभद्र एवं अशोभनीय है, जो कि बारनवापारा परियोजना मंडल की छबि को धूमिल करता है। यह निर्णय लिया जाता है कि जनक लाल साहू रिकार्डर/ग्रेडर कोडार काष्ठागार को उनके सभी कार्यों से पृथक करते हुए बारनवापारा परियोजना मंडल रायपुर से उनकी सेवा समाप्त की जाती है। इस प्रकार तत्कालीन मंडल प्रबंधक शशि कुमार ने आदेश जारी किया था। इस आदेश को अनदेखा करते हुए कोडार काष्ठागार अधिकारी एवं आरंग परिक्षेत्र अधिकारी ने मनमानीपूर्वक कार्य पर रखकर वेतन भुगतान कर रहे हैं। क्या किये गये वेतन की भुगतान राशि को कोडार काष्ठागार अधिकारी तथा आरंग परियोजना अधिकारी से वसूली किया जाएगा? उप वन मंडल प्रबंधक बारनवापारा परियोजना मंडल शिकायत की जांच स्वयं की थी और कार्य से पृथक किये जाने की अनुशंसा भी की थी। लेकिन, आज वहीं उप वन मंडल प्रबंधक जिसे कार्य से पृथक कर दिया गया है उसे वेतन भुगतान कर रहे हैं। वन विकास निगम भगवान भरोसे ही चल रहा हैं, न जाने आगे क्या क्या होगा। अब यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या पूर्व में जारी किये हुए आदेश स्टैंड रहेगा या मंडल प्रबंधक पुनः रखे जाने के लिए आदेश पारित करेंगे।

# महासमुंद पुलिस का नवा बिहान जनजागरुकता अभियान

**खास बातें**

- साइबर सुरक्षा-ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 डायल करने किया प्रेरित
- चाइल्ड लाइन नंबर 1098, डायल 112, महिला एवं बच्चों से संबंधित कानून के संबंध में दी गई जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला पुलिस द्वारा पिथौरा थाना के समक्ष स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए एक विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने साइबर अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा और नशा मुक्ति पर विस्तृत जानकारी साझा की। पुलिस अधिकारियों ने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट की धमकी, सेक्सटॉर्शन और फेक ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से होने वाली ठगी के प्रति सचेत किया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करना जोखिम भरा हो सकता है। युवाओं को साइबर स्टॉकिंग की रिपोर्ट करने और मजबूत पासवर्ड बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसी भी ऑनलाइन ठगी की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 का उपयोग करने की सलाह दी गई।

# विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक में सम्मिलित हुई अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति सचिवालय में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सच्चिदानंद शुक्ला की अध्यक्षता, सचिव डॉ शैलेंद्र कुमार पटेल कुलसचिव एवं सदस्यगण क्रमशः पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर, डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद, डॉ निनाद बोधनकर, डॉ अशोक कुमार प्रधान, डॉ आर ब्रम्हे, डॉ विनीता अग्रवाल, डॉ एमके देब, डॉक्टर कमलेश ठोकने, डॉ सनत कुमार वर्मा आदि सदस्यों की उपस्थिति में हुई।

बैठक में विश्वविद्यालय कार्य परिषद की पूर्व बैठक 18 फरवरी 2026 के कार्य वृत्त को संपुष्टि प्रदान कर पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की गई। वित्तीय वर्ष 2026- 27 के प्रस्तावित आय-व्यय को कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। विचार उपरांत प्रस्ताव अनुसार बजट 2025-26 में पुनर्नियोजित की स्वीकृति प्रदान की गई। पंडित सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार में क्षतिग्रस्त जीर्ण-शीर्ण एवं अनुपयोगी पुस्तकों के अपलेखन के संबंध में विचार किया गया। विचारोपरांत कुल पुस्तक 248 एवं उल्लेखित एमआरपी अनुसार राशि रुपए संतावन हजार सात सौ इकहत्तर मात्र का अपलेखन के लिए समिति ने अनुशंसा की। साथ ही पंडित सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार समिति में कार्य परिषद की ओर से मनोनीत दो सदस्यों के कार्यकाल समाप्त होने की स्थिति में विनिमय क्रमांक 29 के अनुक्रम में वर्तमान सदस्यों में से दो सदस्य मनोनीत किए गए। शासकीय महाविद्यालय राजिम को राजनीति शास्त्र विषय का शोध केंद्र बनाया गया। इस तरह विश्वविद्यालय, शासकीय महाविद्यालयों एवं अशासकीय महाविद्यालयों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय इस कार्य परिषद की बैठक में लिए गए।



## रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में शामिल हुए नपाध्यक्ष निखिल

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में शुक्रवार को राम नवमीं पर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भगवान राम की पूजा कर क्षेत्रवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि भगवान राम आदर्शों और मर्यादा का प्रतीक है। शोभायात्रा में विभिन्न झाकियों ने श्रद्धालुओं को बर्बस ही आकर्षित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरा बेलसोडा जय राम के उद्‌घोष से गूंज उठा।

# पेट्रोल-डीजल में एक्साइज ड्यूटी घटाकर मोदी सरकार ने दी जनता को राहत : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल में एक्साइज ड्यूटी घटाए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल के दाम मई 2022 से स्थिर बनी हुई है। युद्ध के चलते कच्चे तेलों की कमी व दाम बढ़ने के बाद भी सरकार ने जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला। इस स्थिरता को बनाए रखने तथा जनता को राहत प्रदान करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पेट्रोल व डीजल के दामों में 10 रुपए से लेकर 13 रुपए तक एक्साइस ड्यूटी घटाने का निर्णय लिया है। इससे जनता को बड़ी राहत



मिलेगी। सरकार के संवेदनशीलता व जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज जहां कई देश अस्थिरता से जूझ रहा है, ऐसे हालात में भारत अपना धैर्य व स्थिरता का परिचय देते हुए विकास की दिशा में निरंतरता बनाए हुए हैं।

देवेंद्र ने आगे कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में स्थिरता आने से परिवहन खर्च नियंत्रित रहेगा। जिससे वस्तुओं की ढुलाई लागत में वृद्धि पर अंकुश लगेगा और बाजार में कीमतों के अनावश्यक बढ़ने पर रोक लगेगी। इसका सीधा लाभ देश के करोड़ों उपभोक्ताओं को मिलेगा और आवश्यक वस्तुओं की कीमतें संतुलित बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल 13 रुपए तक और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपए तक की कमी कर देश के आम लोगों के हित में एक ठोस निर्णय लिया है।

# देशभर में बिना किसी परेशानी के उचित मूल्य पर मिल रहा है डीजल और पेट्रोल : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि "मोदी है तो मुमकिन है।" उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक स्तर पर ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई देशों में डीजल, पेट्रोल और गैस की कीमतों में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है तथा आपूर्ति संकट की स्थिति भी बनी हुई है, वहीं भारत में इन आवश्यक ईंधनों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। आम नागरिकों को बिना किसी परेशानी के उचित मूल्य पर डीजल-पेट्रोल



मिल रहा है। तिवारी ने इसे केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों और प्रधानमंत्री की सशक्त नेतृत्व क्षमता का परिणाम बताया।

उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक अस्थिरता और आर्थिक दबावों के बावजूद भारत ने जिस तरह ऊर्जा क्षेत्र में संतुलन बनाए रखा है, वह सराहनीय है। यह न केवल सरकार की कुशल रणनीति को दर्शाता है, बल्कि देश की मजबूत आर्थिक नीतियों और आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों का भी प्रमाण है। तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई कटौती से देश के आम नागरिकों, व्यापारियों, किसानों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे महंगाई पर नियंत्रण रखने में भी सहायता मिलेगी और आम जनजीवन को राहत प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य हमेशा आम जनता को राहत देना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना रहा है। आने वाले समय में भी सरकार इसी तरह जनहित में निर्णय लेती रहेगी, जिससे भारत विश्व पटल पर और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनकर उभरेगा।

# टीएलएम कार्यशाला में छात्रों-शिक्षकों ने सीखा शिक्षा का प्रभावी मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) द्वारा छात्राध्यापकों के लिए टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राध्यापकों को गतिविधि आधारित, रोचक एवं अनुभवात्मक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं जीवंत बनाना रहा।

कार्यक्रम में डाइट महासमुंद के प्राचार्य अरुण प्रधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीएलएम शिक्षा को सरल, सजीव एवं स्थायी बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि जब शिक्षण में स्थानीय एवं नवाचारी सामग्रियों का उपयोग किया जाता है, तो विद्यार्थियों की समझ गहरी होती है तथा उनका अधिगम दीर्घकालिक बनता है। उपप्राचार्य उमा शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों जैसे चलचित्र, चित्र एवं मॉडल के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से सीखते हैं। उन्होंने कहा कि टीएलएम के उपयोग से कक्षा में बच्चों की सक्रिय भागीदारी बढ़ती है और सीखना आनंददायक बनता है।

प्रशिक्षण प्रभारी किरण कन्नौजे ने अपने संबोधन में सहायक शिक्षण सामग्री के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि यह शिक्षकों के लिए एक अत्यंत उपयोगी उपकरण है, जो जटिल विषयों को सरल एवं रुचिकर बना देता है। उन्होंने स्थानीय संसाधनों से कम लागत में प्रभावी टीएलएम निर्माण पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर संतोष साहू ने अपने प्रेरक विचार रखते हुए कहा मैंने सुना तो भूल गया, मैंने देखा तो कुछ याद रहा, मैंने किया तो सीख गया। उन्होंने बताया कि यही सिद्धांत टीएलएम का मूल आधार है, जो बच्चों को स्वयं करके सीखने का अवसर देता है और उनके अधिगम को स्थायी बनाता है।

कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर बलराम नेताम, केआर सोनवानी एवं नीलकंठ यादव द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेष रूप से बलराम नेताम द्वारा कागज (पेपर) एवं टोपी के माध्यम से गणितीय आकृतियों का निर्माण प्रतिभागियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा, जिसने यह सिद्ध किया कि साधारण संसाधनों से भी अत्यंत प्रभावी एवं रोचक शिक्षण संभव है। साथ ही राजेश चंद्राकर सहायक प्राध्यापक, के सिंह सहायक प्राध्यापक, मुरली वर्मा सहायक प्राध्यापक, सुलभा द्विवेदी सहायक प्राध्यापक, व्याख्याताद्वय टेकराम सेन, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, झरना साहू सहित डाइट परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में डाइट के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा टीएलएम निर्माण की तकनीकों को व्यवहारिक रूप से सीखकर अपने शिक्षण कौशल को समृद्ध किया। आभार प्रदर्शन ईश्वर चंद्राकर ने किया।

